# बिहार सरकार

# वित्त विभाग

**वित्तीय वर्ष 2012–2013 के बजट प्राक्कलन से संबंधित**
**प्राप्ति एवं व्यय का रूझान**

## : द्वितीय तिमाही का परिणाम :

**(बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम–2006 की धारा–11 के आलोक में)**

**सुशील कुमार मोदी**
**उपमुख्य (वित्त) मंत्री**

**दिसम्बर, 2012**

**माननीय अध्यक्ष महोदय,**

आप अवगत हैं कि हमारी सरकार ने वित्तीय संव्यवहार में पारदर्शिता एवं अनुशासन लाने के दृष्टिकोण से 18 फरवरी, 2006 के प्रभाव से ही राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम लागू किया था । उक्त् अधिनियम की धारा-11 में प्रावधान है कि बजट प्राक्कलन के संदर्भ में, प्रत्येक तिमाही के बाद आय एवं व्यय के रूझानों का पुनर्विलोकन किया जायेगा और इसके परिणामों को विधान मंडल के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा । मैं वित्तीय वर्ष 2012-13 की द्वितीय तिमाही के आय एवं व्यय के रूझानों का आकलन प्रस्तुत कर रहा हूँ।

द्वितीय तिमाही के आय एवं व्यय के रूझानों का आकलन राज्य योजना के अधीन विभिन्न विभागों में हुए व्यय के संबंध में योजना एवं विकास विभाग से प्राप्त व्यय विवरणी एवं CTMIS (विस्तृत कोषागार प्रबंधन सूचना प्रणाली) से प्राप्त विवरणी/आँकड़ों एवं अन्य अभिलेखों के आधार पर संकलन किया गया है।

उपरोक्त आकलन के अनुसार बजट अनुमानों के संदर्भ में द्वितीय तिमाही में आय एवं व्यय की तुलनात्मक संक्षिप्त स्थिति निम्न प्रकार हैः-

# आय-व्ययक का ब्यौरा

(राशि करोड़ रूपये में)

**2012-13**

| क्र. सं. | मदें | बजट अनुमान | बजट अनुमान (प्रथम अनुपूरक) | द्वितीय तिमाही में हुए प्राप्ति एवं व्यय | द्वितीय तिमाही तक हुए प्राप्ति एवं व्यय | द्वितीय तिमाही तक प्राप्ति एवं व्यय का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | **कुल गैर-ऋण आय** | **68062.91** | **68717.28** | **13963.50** | **25476.86** | **37.43** |
| 2 | **कुल गैर-ऋण व्यय** | **75632.34** | **85304.96** | **14037.03** | **24833.52** | **32.83** |
| 3 | **राजकोषीय घाटा (2-1)** | **7569.43** | **16587.68** | **73.53** | **-643.34** | **-8.50** |
| 4 | **ऋण भुगतान** | **3054.48** | **3054.48** | **698.30** | **1121.57** | **36.72** |
| 5 | **ऋण उगाही** | **9321.43** | **10777.25** | **293.58** | **1334.46** | **14.32** |
| 6 | **गैर ऋण आय के मुख्य अवयवः-** | **68062.91** | **68717.28** | **13963.50** | **25476.86** | **37.43** |
| | **(क) राज्य सरकार की आय** | **18837.76** | **19592.46** | **3678.41** | **6695.16** | **35.54** |
| | (1) कर राजस्व | 15695.30 | 16450.00 | 3528.89 | 6339.81 | **40.39** |
| | (2) गैर कर राजस्व | 3142.46 | 3142.46 | 149.52 | 355.35 | **11.31** |
| | **(ख) केन्द्र सरकार से प्राप्तियाँ** | **49210.10** | **49109.77** | **10278.67** | **18764.35** | **38.13** |
| | (1) केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा | 33126.33 | 33026.00 | 7077.15 | 14154.30 | **42.73** |
| | (2) केन्द्र सरकार से सहायूय अनुदान | 16083.77 | 16083.77 | 3201.52 | 4610.05 | **28.66** |
| | **(ग) राज्य सरकार द्वारा दिये गये ऋणों की वसूली** | **15.05** | **15.05** | **6.42** | **17.35** | **115.28** |
| 7 | **गैर ऋण व्यय के मुख्य अवयवः-** | **75632.34** | **85304.96** | **14037.03** | **24833.52** | **32.83** |
| | **(क) गैर योजना व्यय** | **42268.49** | **45062.46** | **8303.12** | **15965.10** | **37.77** |
| | (1) पेंशन | 10043.02 | 10043.02 | 2022.43 | 3801.79 | **37.86** |
| | (2) सूद | 5186.00 | 5186.00 | 1021.29 | 1934.93 | **37.31** |
| | (3) अन्य | 27039.47 | 29833.44 | 5259.40 | 10228.38 | 37.83 |
| | **(ख) योजना व्यय** | **33363.85** | **40242.50** | **5733.91** | **8868.42** | **26.58** |
| | (1) राज्य योजना | 28000.00 | 34722.47 | 5201.98 | 7947.33 | **28.38** |
| | (2) केन्द्र प्रायोजित योजना + केन्द्रीय योजनागत योजना | 5363.85 | 5520.03 | 531.93 | 921.09 | **17.17** |

**नोटः- राज्य योजना में बजट प्रावधान कुल 28000 करोड़ रूपये का है ।**

**<u>योजना मद में व्यय</u>**

उपरोक्त आकलन से स्पष्ट है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 की द्वितीय तिमाही तक राज्य योजना मद में 7947.33 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है, जबकि पिछले वर्ष द्वितीय तिमाही तक 6970.02 करोड़ रूपये हुआ था। यह व्यय बजट उपबंध की तुलना में 28.38 प्रतिशत है।

**<u>गैर योजना मद में व्यय</u>**

वित्तीय वर्ष 2012-13 की द्वितीय तिमाही तक गैर योजना मद में लोक ऋण भुगतान को छोड़कर कुल व्यय 15965.10 करोड़ रूपये है, जो बजट उपबंध का 37.77 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष द्वितीय तिमाही तक 16071.25 करोड़ रूपये व्यय हुआ था । द्वितीय तिमाही तक गैर योजना व्यय 50 प्रतिशत तक ही होना चाहिए। इस आलोक में गैर योजना व्यय का रूझान बजट उपबंध के अनुरूप है।

**<u>पेंशन/सूद मद में व्यय-</u>**

पेंशन मद में 3801.79 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है जो बजट उपबंध का 37.86 प्रतिशत है। सूद मद में 1934.93 करोड़ रूपये का व्यय हुआ है, जो बजट उपबंध का 37.31 प्रतिशत है। अन्य मदों में व्यय 10228.38 करोड़ रूपये का हुआ है, जो मूल बजट में प्रावधानित राशि का 37.83 प्रतिशत है।

**<u>राज्य की अपनी स्रोतो से आय</u>**

वर्ष 2012-13 में द्वितीय तिमाही तक राज्य की अपने कर राजस्व की आय 6339.81 करोड़ रूपये एवं गैर कर राजस्व से आय 355.35 करोड़ रूपये है, जो बजट अनुमानों का क्रमशः 40.39 प्रतिशत एवं 11.31 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि में कर-राजस्व से आय 4889.39 करोड़ रूपये एवं गैर कर राजस्व से आय 317.31 करोड़ रूपये थी। मुख्य विभागवार आय की तुलनात्मक विवरणी **<u>अनुलग्नक ग</u>** पर है।

**<u>वाणिज्य-कर से आय</u>**

वाणिज्य-कर विभाग द्वारा द्वितीय तिमाही तक 4132.34 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 3165.17 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 30.56 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। द्वितीय तिमाही की आय बजट अनुमान 10271.00 करोड़ रूपये का 40.23 प्रतिशत है।

## निबंधन से आय

निबंधन विभाग द्वारा द्वितीय तिमाही तक 962.16 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 686.17 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 40.22 प्रतिशत की वृद्धि है। द्वितीय तिमाही की आय बजट अनुमान 1856.00 करोड़ रूपये का 51.84 प्रतिशत है।

## उत्पाद शुल्क से आय

उत्पाद विभाग द्वारा द्वितीय तिमाही तक 878.84 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 745.91 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 17.82 प्रतिशत की वृद्धि है। द्वितीय तिमाही की आय बजट अनुमान 2764.95 करोड़ रूपये का 31.79 प्रतिशत है।

## परिवहन कर से आय

परिवहन विभाग द्वारा द्वितीय तिमाही तक 304.12 करोड़ रूपये का राजस्व संग्रहण किया गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 249.75 करोड़ रूपये का संग्रहण किया गया था। इस प्रकार इस वर्ष पूर्व वर्ष की तुलना में 21.77 प्रतिशत की वृद्धि है। द्वितीय तिमाही की आय बजट अनुमान 644.40 करोड़ रूपये का 47.19 प्रतिशत है।

## केन्द्रीय करों में राज्य का हिस्सा एवं केन्द्र से अनुदान

राज्य को केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्से के रूप में आय प्राप्त होती है। इस मद में द्वितीय तिमाही तक 14154.30 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है। यह बजट अनुमान 33126.33 करोड़ रूपये का 42.73 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि में 12345.30 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार इस वर्ष 14.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2012-13 में भारत सरकार ने राज्यों के बीच केन्द्रीय करों में जो हिस्सा प्रस्तावित किया है, उसमें बिहार राज्य का हिस्सा 33026.00 करोड़ रूपये का है । इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं के लिए केन्द्रीय सरकार से अनुदान/सहायक अनुदान प्राप्त होता है। इस मद में द्वितीय तिमाही तक 4610.05 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है, जो मूल बजट अनुमान 16083.77 करोड़ रूपये का 28.66 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि में 3731.25 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई थी। इस प्रकार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष करीब 23.55 प्रतिशत अधिक राशि प्राप्त हुई है ।

**<u>ऋण की उगाही एवं ऋण/सूद का भुगतान</u>**

द्वितीय तिमाही तक राज्य सरकार द्वारा 1334.46 करोड़ रूपये के ऋण की उगाही की गयी है, जिसमें बाजार ऋण के रूप में 750.00 करोड़ रूपये, केन्द्र सरकार से 275.40 करोड़ रूपये की राशि बाह्य संपोषित परियोजना के अंतर्गत ब्लॉक ऋण के रूप में, 44.59 करोड़ रूपये राष्ट्रीय लघु बचतों के विरूद्ध जारी की गयी विशेष प्रतिभूतियों के मद में एवं नाबार्ड से 264.47 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई है। बजट अनुमान के अनुसार पूरे वर्ष में 9321.43 करोड़ रूपये की उगाही की जानी है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 1109.38 करोड़ रूपये के ऋण की उगाही की गयी थी।

राज्य सरकार द्वारा द्वितीय तिमाही तक 1121.57 करोड़ रूपये के ऋण का पुनर्भुगतान किया गया है। यह बजट अनुमान 3054.48 करोड़ रूपये का 36.72 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 844.01 करोड़ रूपये का ऋण पुनर्भुगतान किया गया था। इसके अलावे द्वितीय तिमाही तक 1934.93 करोड़ रूपये का सूद मद में भुगतान किया गया है। यह बजट अनुमान 5186.00 करोड़ रूपये का 37.31 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इस अवधि तक 1787.41 करोड़ रूपये का सूद मद में भुगतान किया गया था।

**<u>उपसंहार</u> :**

द्वितीय तिमाही तक गैर ऋण आय के रूप में 25476.86 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई और गैर ऋण व्यय 24833.52 करोड़ रूपये का हुआ। द्वितीय तिमाही तक 643.34 करोड़ रूपये राजकोषीय बचत हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2012-13 के बजट अनुमान के अनुसार राजकोषीय घाटा 7569.43 करोड़ रूपये संभावित है। स्पष्ट है कि राज्य की वित्तीय स्थिति नियंत्रण में है।

अंत में, मैं माननीय सदन को आश्वस्त करना चाहूँगा कि सरकार कर प्रशासन तथा व्यय प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है और अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रयासरत है।

---------- :: ----------

**अनुलग्नक- 'क'**

# राज्य योजना व्यय की विभागवार विवरणी

(राशि लाख रूपये में)

| मांग | विभाग का नाम | 2012-13 | | | | | | 2011-12 में द्वितीय तिमाही तक कुल व्यय | द्वितीय तिमाही तक पिछले वर्ष की तुलना में कुल व्यय परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट उपबंध | बजट उपबंध (प्रथम अनुपूरक सहित) | संशोधित उद्व्यय | द्वितीय तिमाही का व्यय | द्वितीय तिमाही तक का कुल व्यय | द्वितीय तिमाही तक बजट उपबंध का प्रतिशत व्यय (कॉलम 3 का) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | कृषि विभाग | 120000.00 | 228016.06 | 227057.90 | 32485.50 | 69309.50 | 57.76 | 39502.80 | 75.45 |
| 02 | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | 19367.75 | 64567.75 | 73934.69 | 4838.44 | 5741.33 | 29.64 | 4941.11 | 16.20 |
| 03 | भवन निर्माण विभाग | 62599.78 | 81961.28 | 8217.66 | 1253.45 | 1367.00 | 2.18 | 1423.74 | -3.99 |
| 04 | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | 1631.50 | 4131.50 | 4196.50 | 214.17 | 220.98 | 13.54 | 10.74 | 1957.54 |
| 08 | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | 2583.18 | 3483.18 | 9083.18 | 1282.79 | 2159.21 | 83.59 | 636.86 | 239.04 |
| 09 | सहकारिता विभाग | 35623.44 | 39849.44 | 35623.44 | 6406.00 | 6406.00 | 17.98 | 4000.29 | 60.14 |
| 10 | उर्जा विभाग | 200174.86 | 200174.86 | 186786.60 | 26737.54 | 27020.20 | 13.50 | 45504.51 | -40.62 |
| 11 | पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | 8291.64 | 82491.64 | 82591.64 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 3837.00 | -100.00 |
| 12 | वित्त विभाग | 22000.00 | 23239.00 | 25440.00 | 335.42 | 335.42 | 1.52 | 12555.85 | -97.33 |
| 16 | पंचायती राज विभाग | 118600.00 | 128600.00 | 128600.00 | 11793.00 | 21434.00 | 18.07 | 4128.04 | 419.23 |
| 17 | वाणिज्य-कर विभाग | 300.00 | 300.00 | 618.40 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | 33996.08 | 133996.08 | 156712.08 | 70310.58 | 100513.15 | 295.66 | 218.58 | 45884.61 |
| 19 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 10000.00 | 10000.00 | 10000.00 | 852.50 | 1325.57 | 13.26 | 1017.39 | 30.29 |
| 20 | स्वास्थ्य विभाग | 62705.81 | 72705.81 | 65635.81 | 12246.45 | 12274.76 | 19.58 | 6969.70 | 76.12 |
| 21 | शिक्षा विभाग | 367026.08 | 526176.08 | 526176.08 | 99164.33 | 162607.04 | 44.30 | 121147.25 | 34.22 |
| 22 | गृह विभाग | 48609.50 | 48609.50 | 48709.50 | 6779.89 | 6803.09 | 14.00 | 3447.74 | 97.32 |
| 23 | उद्योग विभाग | 47244.66 | 47279.66 | 47244.66 | 9850.29 | 9850.29 | 20.85 | 0.00 | 0.00 |
| 24 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग | 1036.82 | 1036.82 | 1036.82 | 74.62 | 127.73 | 12.32 | 215.80 | -40.81 |
| 25 | सूचना प्रावैधिकी विभाग | 22618.56 | 22618.56 | 19757.56 | 299.64 | 299.64 | 1.32 | 1367.20 | -78.08 |
| 26 | श्रम संसाधन विभाग | 9549.00 | 9549.00 | 12623.71 | 253.86 | 329.08 | 3.45 | 1347.96 | -75.59 |
| 27 | विधि विभाग | 3873.15 | 3873.15 | 9617.81 | 530.58 | 964.30 | 24.90 | 938.60 | 2.74 |
| 29 | खान एवं भूतत्व | 0.00 | 100.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 30 | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 12500.00 | 14000.00 | 12500.00 | 3643.68 | 6044.07 | 48.35 | 4409.96 | 37.05 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | सामान्य प्रशासन विभाग | 2700.00 | 2700.00 | 7018.58 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 35 | योजना एवं विकास विभाग | 186337.31 | 219042.31 | 149337.33 | 99.01 | 7151.16 | 3.84 | 43913.20 | -83.72 |
| 36 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | 35410.31 | 55410.31 | 55410.31 | 7106.25 | 7681.45 | 21.69 | 8304.08 | -7.50 |
| 37 | ग्रामीण कार्य विभाग | 166178.36 | 181178.36 | 181178.36 | 18068.66 | 41846.36 | 25.18 | 32635.91 | 28.22 |
| 38 | निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेद्य विभाग | 0.00 | 0.00 | 472.98 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 39 | आपदा प्रबंधन विभाग | 5160.53 | 5160.53 | 5160.53 | 519.27 | 827.75 | 16.04 | 944.90 | -12.40 |
| 40 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 10427.33 | 10427.33 | 13640.20 | 1812.37 | 2359.15 | 22.62 | 1206.13 | 95.60 |
| 41 | पथ निर्माण विभाग | 361363.00 | 361363.00 | 365278.62 | 57860.66 | 111755.05 | 30.93 | 153662.99 | -27.27 |
| 42 | ग्रामीण विकास विभाग | 149983.98 | 149983.98 | 157483.98 | 75828.76 | 75957.44 | 50.64 | 75943.52 | 0.02 |
| 43 | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 6016.12 | 6016.12 | 12176.03 | 641.66 | 946.30 | 15.73 | 4161.71 | -77.26 |
| 44 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | 80594.60 | 86094.60 | 89494.60 | 514.97 | 514.97 | 0.64 | 24167.08 | -97.87 |
| 45 | गन्ना उद्योग विभाग | 10000.00 | 10000.00 | 7500.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 46 | पर्यटन विभाग | 3706.66 | 10006.66 | 10006.66 | 1655.39 | 2827.89 | 76.29 | 1115.21 | 153.57 |
| 47 | परिवहन विभाग | 1523.21 | 1523.21 | 1523.21 | 376.66 | 376.66 | 24.73 | 0.00 | 0.00 |
| 48 | नगर विकास एवं आवास विभाग | 108424.00 | 116424.00 | 116424.00 | 19574.27 | 26721.81 | 24.65 | 9087.63 | 194.05 |
| 49 | जल संसाधन विभाग | 219246.99 | 219246.99 | 219246.99 | 27179.90 | 61012.02 | 27.83 | 51383.50 | 18.74 |
| 50 | लघु जल संसाधन विभाग | 30755.74 | 32314.48 | 27667.60 | 3891.10 | 3891.10 | 12.65 | 653.07 | 495.82 |
| 51 | समाज कल्याण विभाग | 211840.05 | 258596.18 | 246275.98 | 15716.57 | 15731.86 | 7.43 | 32202.20 | -51.15 |
| | **योग-** | **2800000.00** | **3472247.43** | **3357460.00** | **520198.23** | **794733.33** | **28.38** | **697002.25** | **14.02** |

नोट :- 1. राज्य योजना के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में हुए व्यय के आँकड़े योजना एवं विकास विभाग से प्राप्त विवरणी के आधार पर संकलित किये गये हैं ।

2. विभिन्न विभागों के उद्व्यय की भवन निर्माण से संबंधित राशि मांग सं0-3 में प्रावधानित है ।

अनुलग्नक- 'ख'

# गैर योजना व्यय की विभागवार विवरणी

(राशि लाख रूपये में)

| मांग/ विनियोग सं0 | विभाग का नाम | 2012-13 | | | | | 2011-12 में द्वितीय तिमाही तक कुल व्यय | पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन (%) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट उपबंध | बजट उपबंध (प्रथम अनुपूरक सहित) | द्वितीय तिमाही का व्यय | द्वितीय तिमाही तक का कुल व्यय | द्वितीय तिमाही तक प्रतिशत व्यय (कॉलम 3 का) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | कृषि विभाग | 33641.08 | 33665.03 | 10806.00 | 14027.00 | 41.70 | 13985.44 | 0.30 |
| 02 | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | 20531.52 | 20762.01 | 4747.00 | 8678.00 | 42.27 | 8681.74 | -0.04 |
| 03 | भवन निर्माण विभाग | 32977.74 | 32977.74 | 5207.00 | 9432.00 | 28.60 | 8249.17 | 14.34 |
| 04 | मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग | 10846.92 | 10846.92 | 2328.00 | 4103.00 | 37.83 | 4157.95 | -1.32 |
| 05 | राज्यपाल सचिवालय | 751.10 | 751.10 | 171.40 | 340.54 | 45.34 | 318.93 | 6.78 |
| 06 | निर्वाचन विभाग | 7177.05 | 7214.71 | 329.00 | 618.00 | 8.61 | 390.46 | 58.27 |
| 07 | निगरानी विभाग | 2431.30 | 2431.30 | 498.00 | 1218.00 | 50.10 | 1177.29 | 3.46 |
| 08 | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | 4471.08 | 4481.10 | 758.00 | 1480.00 | 33.10 | 1503.44 | -1.56 |
| 09 | सहकारिता विभाग | 5991.55 | 5991.56 | 1229.00 | 2846.00 | 47.50 | 3064.66 | -7.13 |
| 10 | उर्जा विभाग | 226023.09 | 234812.09 | 69803.00 | 182349.00 | 80.68 | 88413.00 | 106.25 |
| 11 | पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | 1035.96 | 1035.96 | 142.00 | 238.00 | 22.97 | 334.77 | -28.91 |
| 12 | वित्त विभाग | 47538.44 | 272942.25 | 2847.00 | 5631.00 | 11.85 | 29772.75 | -81.09 |
| 13 | सूद भुगतान | 518599.90 | 518599.90 | 102129.00 | 193493.00 | 37.31 | 178740.70 | 8.25 |
| 15 | पेंशन | 1004302.29 | 1004302.29 | 202242.70 | 380178.70 | 37.86 | 381540.10 | -0.36 |
| 16 | पंचायती राज विभाग | 197040.99 | 224074.99 | 39967.00 | 53385.00 | 27.09 | 32542.08 | 64.05 |
| 17 | वाणिज्य-कर विभाग | 8476.62 | 13477.12 | 1360.00 | 2838.00 | 33.48 | 3224.27 | -11.98 |
| 18 | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | 12045.05 | 13795.05 | 3442.00 | 4758.00 | 39.50 | 4635.04 | 2.65 |
| 19 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 8413.03 | 8420.07 | 1769.00 | 3552.00 | 42.22 | 3484.24 | 1.94 |
| 20 | स्वास्थ्य विभाग | 208679.09 | 208687.18 | 37172.00 | 72098.00 | 34.55 | 67410.40 | 6.95 |
| 21 | शिक्षा विभाग | 889685.41 | 893842.31 | 144913.00 | 292499.00 | 32.88 | 428660.17 | -31.76 |
| 22 | गृह विभाग | 402374.60 | 402488.18 | 92643.00 | 172031.00 | 42.75 | 164680.52 | 4.46 |
| 23 | उद्योग विभाग | 4837.17 | 4837.17 | 1034.00 | 2168.00 | 44.82 | 2187.65 | -0.90 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | सूचना एवं जनसंपर्क विभाग | 6164.36 | 6164.36 | 1895.00 | 2383.00 | 38.66 | 2231.54 | 6.79 |
| 25 | सूचना प्रावैधिकी विभाग | 2479.57 | 2479.57 | 43.00 | 78.00 | 3.15 | 92.52 | -15.69 |
| 26 | श्रम संसाधन विभाग | 10557.10 | 10557.10 | 1983.00 | 4493.00 | 42.56 | 4863.96 | -7.63 |
| 27 | विधि विभाग | 53569.34 | 53673.59 | 9174.00 | 20140.00 | 37.60 | 19793.29 | 1.75 |
| 28 | उच्च न्यायालय | 9802.05 | 10175.41 | 1902.00 | 4262.00 | 43.48 | 3944.98 | 8.04 |
| 29 | खान एवं भूतत्व विभाग | 1599.31 | 1599.31 | 255.00 | 598.00 | 37.39 | 545.13 | 9.70 |
| 30 | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 450.72 | 450.72 | 62.00 | 147.00 | 32.61 | 171.24 | -14.16 |
| 31 | संसदीय कार्य विभाग | 149.21 | 149.21 | 29.00 | 73.00 | 48.92 | 91.71 | -20.40 |
| 32 | विधान मंडल | 10627.56 | 10894.56 | 2537.07 | 4911.23 | 46.21 | 3323.57 | 47.77 |
| 33 | सामान्य प्रशासन विभाग | 35096.64 | 36268.86 | 5734.00 | 11256.00 | 32.07 | 11319.10 | -0.56 |
| 34 | बिहार लोक सेवा आयोग | 1315.56 | 1315.56 | 393.00 | 791.00 | 60.13 | 719.22 | 9.98 |
| 35 | योजना एवं विकास विभाग | 12092.82 | 12096.82 | 2298.00 | 3782.00 | 31.27 | 1996.48 | 89.43 |
| 36 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | 33418.73 | 34723.44 | 5580.00 | 11341.00 | 33.94 | 10971.91 | 3.36 |
| 37 | ग्रामीण कार्य विभाग | 43418.85 | 43418.85 | 8331.00 | 10096.00 | 23.25 | 3772.35 | 167.63 |
| 38 | निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग | 11466.53 | 11620.12 | 2049.00 | 4105.00 | 35.80 | 4536.90 | -9.52 |
| 39 | आपदा प्रबंधन विभाग | 40145.82 | 40145.82 | -196.00 | -296.00 | -0.74 | 7693.42 | -103.85 |
| 40 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 38618.06 | 40889.87 | 9665.00 | 17409.00 | 45.08 | 16055.04 | 8.43 |
| 41 | पथ निर्माण विभाग | 66150.78 | 66150.78 | 19328.00 | 31689.00 | 47.90 | 16163.73 | 96.05 |
| 42 | ग्रामीण विकास विभाग | 24648.70 | 25082.42 | 5157.00 | 9335.00 | 37.87 | 8253.72 | 13.10 |
| 43 | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 5212.13 | 5212.13 | 1328.00 | 2294.00 | 44.01 | 2233.08 | 2.73 |
| 44 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | 12168.63 | 12168.67 | 2111.00 | 3335.00 | 27.41 | 3634.08 | -8.23 |
| 45 | गन्ना उद्योग विभाग | 1334.17 | 1414.72 | 312.00 | 756.00 | 56.66 | 737.19 | 2.55 |
| 46 | पर्यटन विभाग | 641.28 | 670.18 | 152.00 | 395.00 | 61.60 | 300.09 | 31.63 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | परिवहन विभाग | 3052.21 | 3052.21 | 728.00 | 1230.00 | 40.30 | 13216.29 | -90.69 |
| 48 | नगर विकास एवं आवास विभाग | 46962.13 | 47166.14 | 3944.00 | 5960.00 | 12.69 | 2066.40 | 188.42 |
| 49 | जल संसाधन विभाग | 71479.22 | 71479.23 | 13704.00 | 26523.00 | 37.11 | 29391.97 | -9.76 |
| 50 | लघु जल संसाधन विभाग | 32750.56 | 32816.16 | 5489.00 | 10018.00 | 30.59 | 10348.22 | -3.19 |
| 51 | समाज कल्याण विभाग | 3606.25 | 3974.60 | 788.00 | 1445.00 | 40.07 | 1503.38 | -3.88 |
| | **योग-** | **4226849.27** | **4506246.44** | **830312.17** | **1596510.47** | **37.77** | **1607125.28** | **-0.66** |
| 14 | ऋण अदायगियाँ | 305447.90 | 305447.90 | 69829.78 | 112156.78 | 36.72 | 84400.67 | 32.89 |
| | **महायोग** | **4532297.17** | **4811694.34** | **900141.95** | **1708667.25** | **37.70** | **1691525.95** | **1.01** |

नोटः- मांगों/विनियोग में बजट उपबंध मांग/विनियोग के अन्तर्गत वसूलियों को घटाने के उपरान्त जो राशि आती है उसे दिखलाया गया है।

अनुलग्नक – ग

## राजस्व वसूली की विभागवार विवरणी

(राशि करोड़ रूपये में)

| | | 2012-13 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | विभाग | बजट प्रावधान | द्वितीय तिमाही में हुई प्राप्ति | द्वितीय तिमाही तक हुई प्राप्ति | द्वितीय तिमाही तक प्रतिशत प्राप्ति (कॉलम 3 का) | 2011–12 में द्वितीय तिमाही तक कुल प्राप्ति | पिछले वर्ष की तुलना में परिवर्तन (%) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | **कर राजस्व** | | | | | | |
| 1 | वाणिज्य–कर विभाग | 10271.00 | 2426.56 | 4132.34 | **40.23** | 3165.17 | 30.56 |
| 2 | निबंधन विभाग | 1856.00 | 489.83 | 962.16 | **51.84** | 686.17 | 40.22 |
| 3 | उत्पाद एवं मद्य निषेद्य | 2764.95 | 425.70 | 878.84 | **31.79** | 745.91 | 17.82 |
| 4 | परिवहन विभाग | 644.40 | 153.14 | 304.12 | **47.19** | 249.75 | 21.77 |
| 5 | राजस्व एवं भू0सु0 विभाग | 154.16 | 33.66 | 62.35 | **40.44** | 42.39 | 47.09 |
| 6 | अन्य | 4.79 | 0.00 | 0.00 | **0.00** | 0.00 | 0.00 |
| | **योग** | **15695.30** | **3528.89** | **6339.81** | **40.39** | **4889.39** | **29.66** |
| | **गैर कर राजस्व** | | | | | | |
| 7 | खान एवं भू–तत्व विभाग | 470.00 | 68.62 | 132.25 | **28.14** | 107.53 | 22.99 |
| 8 | जल संसाधन विभाग | 30.00 | 3.28 | 6.49 | **21.63** | 3.99 | 62.66 |
| 9 | कृषि विभाग | 14.66 | 1.27 | 3.20 | **21.83** | 3.69 | -13.28 |
| 10 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 6.51 | 3.83 | 6.12 | **94.01** | 4.56 | 34.21 |
| 11 | अन्य विभाग | 2621.29 | 72.52 | 207.29 | **7.91** | 197.54 | 4.94 |
| | **योग** | **3142.46** | **149.52** | **355.35** | **11.31** | **317.31** | **11.99** |
| | **महायोग (कर एवं गैर कर राजस्व)** | **18837.76** | **3678.41** | **6695.16** | **35.54** | **5206.70** | **28.59** |
| 12 | लघु बचत से प्राप्त ऋण | 1500.00 | 35.59 | 44.59 | **2.97** | 684.45 | -93.49 |

**नोट–** विभागों से प्राप्त आँकड़ों, सिविल लेखा सितम्बर 2012 एवं सी0टी0एम0आई0एस0 डाटा के आधार पर संकलित किया गया है ।

‘अनुलग्नक-घ’

(राशि लाख रूपये में)

# केन्द्रीय योजनागत योजना व्यय की विभागवार विवरणी

| मांग सं0 | विभाग का नाम | 2012-13 | | | बजट प्रावधान का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट प्रावधान | बजट उपबंध (प्रथम अनुपूरक सहित) | द्वितीय तिमाही तक का कुल व्यय | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कृषि विभाग | 500.00 | 1000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 18 | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग | 0.00 | 13.25 | 0.00 | 0.00 |
| 35 | योजना एवं विकास विभाग | 1308.00 | 1308.00 | 78.00 | 5.96 |
| 40 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 59.00 | 59.00 | 12.00 | 20.34 |
| 43 | विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग | 0.00 | 12300.00 | 0.00 | 0.00 |
| 44 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | 4000.00 | 4000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 49 | जल संसाधन विभाग | 5000.00 | 5000.00 | 2201.00 | 44.02 |
| **कुल योग -** | | **10867.00** | **23680.25** | **2291.00** | **21.08** |

नोट - सी0टी0एम0आई0एस0 डाटा के अनुसार संकलित किया गया है ।

'अनुलग्नक-'ङ'

(राशि लाख रूपये में)

# केन्द द्वारा प्रायोजित योजना व्यय की विभागवार विवरणी

| मांग सं0 | विभाग का नाम | 2012-13 | | | बजट प्रावधान का प्रतिशत (कॉलम-3) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बजट प्रावधान | बजट उपबंध (प्रथम अनुपूरक सहित) | द्वितीय तिमाही तक का व्यय | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कृषि विभाग | 5880.00 | 5880.00 | 55.00 | 0.00 |
| 2 | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग | 4686.00 | 4686.00 | 18.00 | 0.38 |
| 3 | भवन निर्माण विभाग | 3092.00 | 3092.00 | 0.00 | 0.00 |
| 8 | कला, संस्कृति एवं युवा विभाग | 284.00 | 284.00 | 2.00 | 0.70 |
| 9 | सहकारिता विभाग | 3985.00 | 3985.00 | 0.00 | 0.00 |
| 11 | पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | 3590.00 | 3590.00 | 219.00 | 6.10 |
| 19 | पर्यावरण एवं वन विभाग | 855.00 | 855.00 | 0.00 | 0.00 |
| 20 | स्वास्थ्य विभाग | 37214.00 | 37214.00 | 12041.00 | 32.36 |
| 21 | शिक्षा विभाग | 248701.00 | 248701.00 | 49980.00 | 20.10 |
| 22 | गृह विभाग | 0.00 | 600.00 | 0.00 | 0.00 |
| 23 | उद्योग विभाग | 50.00 | 50.00 | 0.00 | 0.00 |
| 26 | श्रम संसाधन विभाग | 183.00 | 183.00 | 43.00 | 23.50 |
| 30 | अल्पसंख्यक कल्याण विभाग | 45500.00 | 45500.00 | 2177.00 | 4.78 |
| 35 | योजना एवं विकास विभाग | 3963.00 | 3963.00 | 6.00 | 0.15 |
| 36 | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग | 1200.00 | 1200.00 | 0.00 | 0.00 |
| 39 | आपदा प्रबंधन विभाग | 0.00 | 372.29 | 160.00 | 0.00 |
| 40 | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग | 0.00 | 1397.58 | 0.00 | 0.00 |
| 41 | पथ निर्माण विभाग | 20000.00 | 20000.00 | 0.00 | 0.00 |
| 43 | विज्ञान एवं प्रावैधिकी | 0.00 | 303.75 | 0.00 | 0.00 |
| 44 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग | 3525.00 | 3525.00 | 0.00 | 0.00 |
| 45 | गन्ना उद्योग विभाग | 180.00 | 180.00 | 0.00 | 0.00 |
| 51 | समाज कल्याण विभाग | 142630.00 | 142761.60 | 25117.00 | 17.61 |
| **कुल योग -** | | **525518.00** | **528323.22** | **89818.00** | **17.09** |

नोट - सी0टी0एम0आई0एस0 डाटा के अनुसार संकलित किया गया है ।